## एक नजर में

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को पत्र सौंपा

**पाथाखेड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के जिला अध्यक्ष सतीश बौरासी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मुलाकात की गई और सौंपा गया। जिसमें संगठन के बारे में जानकारी दी गई और बताया कि प्रदेश में 54 हजार पदाधिकारी कार्य कर रहे हैं। जिले में 8000 से ज्यादा सदस्य सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में एक-एक जनमानस के पास जाकर योजनाएं बताई जा रही है। मातृशक्ति को बढ़ावा देने के लिए उचित कार्यक्रम कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मानव अधिकार के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दिए जा रहे। बताया कि संगठन मानव अधिकार के नियम में चलकर आगे बढ़ रहा है और बैतूल जिले का नाम रोशन कर रहा है। मुलाकात में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सतीश बौरासी, जिला मंत्री राकेश सोनी, अशोक छिपने, जिला उपाध्यक्ष बंटी अग्रवाल, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्णा साहू, जिला संयुक्त सचिव, पवन चौरसिया, मनीष जैन, जिला प्रचार मंत्री, उमेश बचले, जिला मीडिया प्रभारी योगेश गोस्वामी, जयंत गोहे, आकेश महोबे, संजय यादव आदि पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

### हनुमानजी के माथे से सोने का तिलक चोरी

**मुलताई।** पवित्र नगरी में स्थित बड़े हनुमानजी के मंदिर से अज्ञात चोरो ने मंगलवार को दिन दहाड़े हनुमानजी की प्रतिमा के माथे पर लगा सोने का तिलक चोरी कर लिया। चोरी की लिखित रिपोर्ट मंदिर के पुजारी द्वारा थाने मे दी है। बडे हनुमान मंदिर मुलताई के पूजारी दुर्गादास वैष्णव ने बताया उनके द्वारा मंगलवार सुबह जब मंदिर खोला तो हनुमानजी की प्रतिमा के मस्तक पर सोने का तिलक लगा हुआ था। हनुमानजी की पूजा करने उपरांत वे परिसर में स्थित दुर्गा माता के मंदिर में पूजा करने इस दौरान हनुमान मंदिर में भक्त पूजा पाठ कर रहे थे। दुर्गाजी की पूजा कर थोड़ी देर में वापस हनुमान मंदिर में आए तो देखा कि हनुमान मंदिर में स्थित हनुमान जी के माथे पर लगा सोने का तिलक नहीं था,जो तिलक करीबन एक तोला सोने का था। जो कई वर्ष से हनुमानजी के माथे पर लगा हुआ था। उक्त तिलक किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया।

### यूनिटी मार्च की रासेयो ने की सहभागिता

**बैतूल।** सरदार 150 यूनिटी मार्च की यह यात्रा, लौह पुरुष सरदार पटेल द्वारा स्थापित अखंड भारत की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिए आगे बढ़ रही है। हर कदम इस विश्वास को मजबूत करता है कि एकजुटता ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में देशभर में यूनिटी मार्च भारत एकता यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में नर्मदा प्रवाह भारत एकता यात्रा नागपुर से बैतूल पहुंची। जहां प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जेएच कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, नगरपालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, एसपी वीरेंद्र जैन, एएसपी श्रीमती कमला जोशी, महिला कार्यक्रम अधिकारी गीता माली ने यूनिटी मार्च का अभिनंदन किया।

# सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण कार्य में गति लाएं : विधायक

**बैतूल। मंगलवार को विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्टर निवास पर किया गया।**

**सिंचाई और बिजली व्यवस्था सुचारू रहे**

**औद्योगिक निवेश के लिए लैंड बैंक बढ़ाएं**

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बैतूल हेमन्त खंडेलवाल, विधायक आमला डॉ योगेश पंडाग्रे, विधायक घोड़ाडोंगरी श्रीमती गंगाबाई उईके, विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान द्वारा विभागवार योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की गईं। बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, वन मंडल अधिकारी नवीन गर्ग, वन मंडल अधिकारी अधिकारी लक्ष्मीकांत वासनिक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक सबसे पहले कृषि, सहकारिता एवं जल संसाधन के विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। विधायक श्री खंडेलवाल ने जिले में खाद की उपलब्धता एवं वितरण की जानकारी लीं। उप संचालक कृषि ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में खाद की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता हैं। विधायक जी की पहल पर किसानों को सुगमता से खाद मिलें और केंद्रों पर अनावश्यक लाइन न लगें इसके लिए व्यवस्था बनाई गई हैं। जिसके अच्छे परिणाम भी मिले हैं। जिससे खाद का सुचारू रूप से वितरण जारी हैं। उन्होंने फसल सर्वे और फसल बीमा के भुगतान की भी जानकारी लीं। उप संचालक कृषि

ने बताया कि अभी तक 6835 किसानों को 7 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका हैं, शेष किसानों को भुगतान जारी है।

**सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण कार्यों में गति लाए :** जल संसाधन विभाग की समीक्षा में मेंढ़ा, घोघरी, शीतलझिरी, निर्गुण,रामघाटी सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गईं, जिस पर सभी विधायकों ने कहा कि निर्माण कार्यों में गति लाएं। लेटलतीफ़ी करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्यवाही भी की जाएं। विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि पारसडोह सिंचाई परियोजना से किसानों को सुचारू रूप से पानी मिले। बैतूल में सिंचाई एवं पेयजल के लिए माचना एवं ताप्ती नदी का स्थल निरीक्षण कर उपयुक्त स्थल पर बैराज निर्माण का प्रस्ताव भी बनाएं। एमपीईबी की समीक्षा कर विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाएं। साथ ही बिजली संबंधी शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही कर उनका समाधान कराएं। उन्होंने ऐसे ग्राम जहां आपूर्ति सम्बन्धी समस्या आ रही हैं वहां अतिरिक्त सब सेशन की डिमांड भी प्रस्तावित कराएं। विधायक डॉ पंडाग्रे ने बोरदही, विधायक श्री चौहान ने झाड़ियां और मिलनवाड़ी और विधायक गंगाबाई उईके ने रानीपुर में बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए निर्देशित किया।

### मंडी में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश

विधायक श्री खंडेलवाल ने बैतूल मंडी में भी व्यवस्थाएं भी दुरुस्त करने के निर्देश दिए। विधायक श्रीमती गंगाबाई उईके ने कहा कि चोपना में सहकारी बैंक की व्यवस्था की जाएं। जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक ने बताया कि चोपना में बैंक के लिए एप्लाई कर दिया हैं। आमला विधायक डॉ पंडाग्रे ने भी खेड़ली बाजार में सहकारी बैंक खोले जाने की बात कहीं, जिस पर सीईओ जिला सहकारी बैंक ने बताया कि खेड़ली बाजार का प्रस्ताव भी पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका हैं। विधायक भैंसदेही श्री चौहान ग्राम खोमाई में समिति में नेटवर्क सम्बन्धी समस्या के निराकरण की बात कहीं। जिस पर समिति में नेटवर्क कनेक्शन दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

### ट्रेचिंग ग्राउंड से कचरा उठाने की कार्रवाई शीघ्र करायें

बैठक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी को गीता भवन और आईएसबीटी के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने तथा ट्रेचिंग ग्राउंड से कचरा उठाने की कार्यवाही संबंधी ठेकेदार से शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की समीक्षा में विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि जिले में नागपुर और अन्य राज्यों से बड़े उद्योग निवेश के इच्छुक हैं। जिसके लिए जिले में लैंड बैंक बढ़ाने की आवश्यकता है। लैंड बैंक बढ़ाने के लिए उपयुक्त भूमि का चिन्हांकन कर आवश्यक कार्यवाही शीघ्र की जाएं। बैठक में बैतूल जिले में स्वीकृत प्रदेश के पहले ताप्ती कंजर्वेशन के सम्बन्ध में भी वन विभाग के साथ विस्तृत समीक्षा की गई। विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि ताप्ती कंजर्वेशन में प्रमुख रूप से चारागाह मैदान, वॉटर बॉडी, बटरफ्लाई पार्क का प्रस्ताव शामिल किया जाए। इसके साथ ही स्थानीय जनजातीय वर्ग को रोजगार मिले, इसके लिए जनजातीय वर्ग एफपीओ का गठन करें, जिन्हें ड्राइविंग , वाइल्डलाइफ, होम स्टे संचालन के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा सकें। जिससे न केवल जिले में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय जनजातीय वर्ग को रोजगार भी प्राप्त होगा।

## प्राप्त आवेदनों का गंभीरता पूर्वक करें निराकरण : कलेक्टर

**बैतूल।** बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रात: 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं गंभीरता पूर्वक सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में मुलताई तहसील के ग्राम मोही भिलाई निवासी मैनी नागले ने आवेदन के माध्यम से खेत में रोके गए रास्ते को खुलवाने की मांग की। आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुन कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुलताई तहसीलदार को तत्काल रास्ता खुलवाए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री

सूर्यवंशी ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता पूर्वक करें। एक ही शिकायत के निराकरण के लिए आवेदकों को दोबारा जनसुनवाई में न आना पड़े यह सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में 102 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, संयुक्त कलेक्टर श्री मकसूद अहमद ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनीं। ग्राम पापरी निवासी शिवराम ने राजस्व रिकॉर्ड से नाम हटाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने घोड़ाडोंगरी तहसीलदार को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल तहसील के ग्राम माथनी निवासी हरिराम ने बीपीएल सूची में नाम दर्ज किए जाने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने बैतूल तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा हरन्या निवासी राधेश्याम साहू ने बीपीएल कार्ड के संबंध में की गई झूठी शिकायत को निरस्त किए जाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बैतूल तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए।

## शहीदी दिवस पर किया प्रसाद का वितरण

**मुलताई। सिख धर्म के नौवें गुरु हिन्द दी चादर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के शहीद दिवस पर मंगलवार को पवित्र नगरी के गुरुद्वारा साहिब में राहगीरों को चना हलुआ प्रसाद का वितरण किया गया।**

मंगलवार को सुबह 10.30 बजे से संगत ने सुखमणि साहिब का पाठ किया। पाठ उपरांत अरदास की गई। उसके उपरांत गुरुद्वारा साहिब के सामने मार्ग से आवागमन कर रहे राहगीरों को चना हलुआ प्रसाद का वितरण किया गया। गुरुसिंघ सभा के सेवादार सरदार जसबीर सिंघ ने बताया 1675 में औरंगज़ेब द्वारा

कश्मीर के हिंदुओं पर जबरन इस्लाम थोपने की मुहिम चलाई जा रही थी। उस दौरान धर्म और मानव अधिकारों की रक्षा के लिए हिन्द दी चादर श्री गुरु तेगबहादुर साहिब जी स्वयं दिल्ली पहुँचे। गुरु साहिब को इस्लाम स्वीकार करने या मृत्यु इन दो विकल्पों में से चुनने को कहा गया। गुरु जी ने धर्म-त्याग से इंकार करते हुए सत्य और न्याय के लिए दृढ़ता से खड़े रहे। गुरुजी की अटलता तोड़ने हेतु उनके तीन साथी सिख भाई मतीदास जी, भाई सतीदास जी और भाई दयालाजी को क्रूर यातनाओं द्वारा शहीद किया गया।

## महानगरों की तर्ज पर सुविधाओं से सुसज्जित होगा बैतूल

**बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने आज अपने अत्यंत व्यस्त कार्यक्रम के बीच नगर के विभिन्न विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। नगर को महानगरों की तर्ज पर आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बनाए जाने हेतु वे लगातार प्रयासरत हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रस्तावित कार्यों को गुणवत्ता के साथ नियत समय सीमा में तीव्र गति से पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए। इस दौरान नपा अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर, उपाध्यक्ष महेश राठौर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका एवं लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर सहित पार्षद एवं सभापति गण पिंटू परिहार, रघुनाथ लोखंडे, वरुण धोटे, पवन यादव, कोठी बाजार मंडल अध्यक्ष विक्रम वैद्य तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने नेहरू पार्क के पास चौपाटी स्थल पर पहुचकर निरीक्षण किया। यहां 1 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से व्यापक सौंदर्यीकरण एवं आधुनिक सुविधाओं का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में विलंबता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मासूम बच्ची के दुराचारी को दी जाए फांसी

**मुलताई। बीते दिनों रायसेन जिले में एक 6 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को फांसी दिए जाने की मांग को लेकर एआईएमआईएम पार्टी द्वारा विरोध प्रकट करते हुए मंगलवार को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राजीव कहार को सौंपा है।**

**एआईएमआईएम पार्टी ने सौंपा ज्ञापन**

**आरोपी को गिरफ्तार कर फांसी देने की मांग**

एआईएमआईएम पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष आमिर अहमद, सलीम खांन, वालिद, इरशाद, आशु पठान, सहित युवाओं द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि बीते दिनों मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में एक 6 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया जिसका पुरजोर विरोध करते है। प्रदेश में मौजूदा सरकार के कार्यकाल में अपराधिक गतिविधियों में लगातार बढोत्तरी हुई है, जिससे प्रदेश का माहौल खराब होता जा रहा है। आम जनता को साधारण जीवन जीने में दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर दंड एवं फांसी दिए जाने की मांग की है।

## सिंचाई विभाग लापरवाह, नहीं छोड़ा नहरों से पानी

**भैंसदेही।** रबी की फसलों की बुआई पलेवा और सिंचाई को लेकर अब तक सिंचाई विभाग नहरों की मरम्मत और आश्वासन भर किसानों को देने का काम कर रहा है जबकि नवंबर माह समाप्त होने को है और विभाग की इस लापरवाही के चलते समय से किसान अपने कृषि कार्य नहीं कर पा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि क्षेत्र के भिवकुंड जलाश्य की नहर में अब तक पानी नहीं छोड़ा गया है, जिससे बड़ा क्षेत्र सिंचित होता है ,प्रति वर्ष जहां नहर 15 नवंबर तक छूट जाया करती थी, वहीं अब तक इस वर्ष नहर में मरम्मत का ही कार्य किया जा रहा है, जिससे किसान परेशान हो चले जिन किसानों का बुआई कार्य हो चुका है, वे सिंचाई के लिए परेशान हैं तो जो बुआई नहीं कर पाये उनके खेत सुखे पड़े हैं ,वहीं विभाग के नुमाइंदे इन सब से बेखबर कभी नहर सुधारने तो कभी बकाया राशि की वसुली के कारण बता कर टालामटोल कर रहे हैं, जिससे किसान में आक्रोश बढ़ रहा है, वहीं नहर मरम्मत के नाम पर किसानो से प्रति किसान 50 रुपये वसुल किये जाने की भी चर्चा आम है, जो शासन कि नितियों और प्रशासन के लापरवाह रवैय्य को उजागर करता है।

## एसआईआर पुनरीक्षण में जुटे कार्यकर्ता और शिक्षक

**पाथाखेड़ा। एसआईटार मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में वार्डवार तैनात कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां लगातार बढ़ती जा रही हैं।**

सूत्रों के अनुसार क्षेत्र के कई स्कूलों से शिक्षकों को भी अतिरिक्त सरकारी कार्य में लगाया गया है, ताकि गणना पत्रक और मतदाता जानकारी में किसी प्रकार की चूक न हो। निर्धारित समय सीमा से अधिक कार्य करने के कारण कई कार्यकर्ता और शिक्षक स्वास्थ्य संबंधी शिकायतें दर्ज कर रहे हैं, इसके बावजूद सरकारी ड्यूटी को क्रमबद्ध रूप से पूरा करते देखा जा रहा है। विशेष तौर

पर वार्ड नंबर 15 अंबेडकर नगर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेखा मालवी, संगीता गावंडे, आशा कार्यकर्ता तथा अन्य कार्यकर्ता वार्डवासियों के सहयोग से रात 8.15 बजे तक क्षेत्र में घर-घर जाकर अपडेट करने की जिम्मेदारी निभाते देखे गए। रात के समय तक लगातार जारी कार्य ने न केवल कर्मचारियों की मेहनत को उजागर किया है, बल्कि मतदाता सूची को शुद्ध और सटीक बनाने की प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की है।

## एकता यात्रा के सदस्यों ने व्यापारियों को स्वदेशी अपनाने दिया संदेश

**मुलताई।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं की जयंती पर नागपुर से गुजरात के लिए निकली एकता यात्रा सोमवार की शाम पवित्र नगरी मुलताई पहुंची। जहां पर एकता यात्रा का नेतृत्व कर रहे कपिल परमार सहित अन्य सदस्यों द्वारा ताप्ती परिक्रमा मार्ग के व्यापारियों से स्वदेशी सामग्री अपनाने एवं विक्रय करने पर चर्चा की गई। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया सरदार पटेल की 150 वी जयंती के अवसर पर नागपुर से गुजरात के लिए निकली नर्मदा प्रवाह एकता यात्रा के भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय प्रभारी एवं युवा मोर्चा

सोशल मीडिया के राष्ट्रीय प्रभारी कपिल परमार सहित अन्य सदस्य द्वारा ताप्ती परिक्रमा मार्ग में स्वदेशी पर व्यापारियों से उनकी दुकानों पर जाकर चर्चा की गई। वही कुनबी समाज भवन में एकता यात्रा में शामिल सदस्यों एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए एकता यात्रा का नेतृत्व कर रहे कपिल परमार ने कहा लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र के प्रति समर्पण निष्ठा एवं उनके योगदान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में महत्व दिया है, कांग्रेस की सरकार द्वारा उनके योगदान को महत्व नहीं दिया गया। एकता यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश एवं विजन को लेकर निकाली गई है। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी उइके, युवा मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, भाजपा प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार द्वारा संबोधित किया। इसके पूर्व पवित्र नगरी के जय स्तंभ चौक पर नर्मदा प्रवाह एकता यात्रा का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी उइके, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिपं. अध्यक्ष राजा पवार, नपा अध्यक्ष वर्षा गढेकर द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

**यूनिटी मार्च** एकता का संदेश लेकर गांधी चौक से कारगिल चौक तक निकली यूनिटी मार्च यात्रा, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर निकली यूनिटी मार्च यात्रा पहुंची बैतूल

**बैतूल। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को गांधी चौक कोठी बाजार से यूनिटी मार्च (नर्मदा प्रवाह एकता यात्रा) धूमधाम से निकाली गई।**

इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर यात्रा का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह पद यात्रा लल्ली चौक, सरदार विष्णु सिंह गोंड बस स्टैंड, कोठी बाजार पेट्रोल पंप, ऑडिटोरियम, अंबेडकर चौक होते हुए कारगिल चौक पहुंची। पदयात्रा के दौरान चौक-चौराहों पर स्थित वीर महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित

की गई। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने जगह-जगह यात्रा का भव्य स्वागत किया। फूलों की वर्षा व भारत माता के जयकारों के बीच वातावरण देशभक्ति से गुंजायमान हो उठा। स्कूली विद्यार्थियों सहित विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों ने भी यात्रा के स्वागत में शामिल होकर एकता का संदेश दिया। पदयात्रा को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस अटूट संकल्प, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्रहित के प्रति अद्भुत समर्पण के साथ 562 रियासतों को जोड़कर भारत को एक सूत्र में पिरोया, वह दुनिया के इतिहास में अमर है। आज नर्मदा प्रवाह एकता यात्रा के माध्यम से हम उनके आदर्शों को पुन: जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। बैतूल की जनता ने जिस उत्साह और श्रद्धा के साथ इस यात्रा का स्वागत किया है, वह इस मिट्टी में छिपे देशभक्ति के जज्बे को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत संकल्प को पूरा करने में नर्मदा प्रवाह यात्रा का योगदान अतुलनीय रहेगा। प्रदेशाध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि इस यात्रा की विशेषता यह है कि यह सिर्फ पदयात्रा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक धारा, भाईचारे और समरसता का प्रतीक है। जिस तरह से बैतूल के नागरिकों ने स्वागत किया है वह अद्वितीय है। सरदार पटेल ने देश को जोड़ने का कार्य किया, आज हम उसी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर निकली नर्मदा प्रवाह यात्रा का नेतृत्व कर रहे श्री कपिल परमार ने कहा कि आजाद भारत को एक करने में सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान से युवाओं को परिचित कराने के लिए यह यात्रा नागपुर से प्रारंभ की गई है, जो गुजरात अहमदाबाद में सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टैचू तक पहुंचेगी। इस पदयात्रा में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के जिलों के युवा शामिल है।

## ताप्ती उदगम स्थल परिक्षेत्र से हटाया जाए अतिक्रमण

**मुलताई। सूर्यपुत्री मां ताप्ती उदगम स्थल परिक्षेत्र में कई लोगों द्वारा अतिक्रमण कर श्री क्षेत्र की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है। श्री क्षेत्र की जमीन पर से अतिक्रमण तथा कब्जा हटाए जाने की मांग को लेकर तापी भक्तो ने मंगलवार को जनसुनवाई में एसडीएम राजीव कहार को ज्ञापन सौपा है।**

**ताप्ती भक्तों ने एसडीएम को जनसुनवाई में सौंपा ज्ञापन**

**लोगों ने टीन शेड लगाकर कर लिया कब्जा**

मां तापी भक्त दिनेश कालभोर, घनश्याम सोनी, प्रीतम सिंह सिसोदिया द्वारा सौपे ज्ञापन में बताया माँ ताप्ती उदगम स्थल, ताप्ती

नदी, ताप्ती तट एवं देव स्थानों को लेकर तहसीलदार एवं राजस्व न्यायालय में जांच एवं प्रकरण चल रहे है,जिसमें समस्त जांच प्रतिवेदन एवं सीमांकन रिपोर्ट के आधार पर तहसीलदार के समक्ष सभी लोगों को पार्टी बनाकर नोटिस जारी किए गए है ।उदगम तीर्थ क्षेत्र, समस्त कुंड माँ ताप्ती के प्रवाह क्षेत्र के सम्पूर्ण दस्तावेज पर सुनवाई चालू है। जब तक प्रकरण में सुनवाई होकर कार्यवाही के निर्देश नही होते इस तीर्थ क्षेत्र पर कोई भी नया निर्माण कार्य करने की अनुमति ना दी जाए। उच्च न्यायालय द्वारा भी माँ ताप्ती उदगम स्थल को लेकर राज्य सरकार को इसके पूर्व विकास के लिए कहा गया है। इसके पूर्व भी कई लोगो द्वारा तीर्थ क्षेत्र में टीन शेड लगाकर कब्जा कर के निर्माण कर लिए गए है, इस तरह तीर्थ क्षेत्र की भूमि पर अवैध कब्जा हो चुका है।